हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2022

एम.एच.डी.-1 : हिन्दी काव्य-1
(आदि काव्य, भक्ति काव्य एवं रीति काव्य)

समय : 2 घण्टे | *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *कुल **चार** प्रश्नों के उत्तर देने हैं । **प्रथम** प्रश्न **अनिवार्य** है । शेष प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *2×10=20*

(क) पानी बिच मीन पियासी ।
मोहिं सुन सुन आवै हाँसी ।।
घर में वस्तु नजर नहीं आवत ।
बन बन फिरत उदासी ।।
आतमज्ञान बिना जग झूँठा ।
क्या मथुरा क्या कासी ।।

(ख) आगम, बेद, पुरान बखानत मारग कोटिन, जाहिं न जाने ।
जे मुनि ते पुनि आपुहि आपको ईसु कहावत सिद्ध सयाने ।।
धर्म सबै कलिकाल ग्रसे, जप, जोग, बिरागु लै जीव पराने ।
को करि सोचु मरै 'तुलसी' हम जानकी नाथ के हाथ बिकाने ।।

(ग) हमारे निर्धन के धन राम ।
चोर न लेत घटत नहिं कबहूँ आवत गाढ़ै काम ।।
जल नहिं बूड़त अगिनि न दाहत है ऐसौ हरि नाम ।
बैकुंठनाथ सकल सुखदाता सूरदास सुख धाम ।।

(घ) भोर तें साँझ लौं कानन ओर निहारति बावरी नेकु न हारति ।
साँझ तें भोर लौं तारनि ताकिबो तारनि सों इकतार न टारति ।
जौ कहूँ भावतो दीठि परै घनआनंद आँसुनि औसर गारति ।
मोहन सोहन जोहन की लगियै रहै आँखिन कें उर आरति ।।

2. 'पृथ्वीराज रासो' की विषय-वस्तु का विवेचन कीजिए । *10*

3. विद्यापति की भाषा की विशेषताएँ बताइए । *10*

4. आज के संदर्भ में कबीर का मूल्यांकन क्यों आवश्यक है ? विचार कीजिए । *10*

5. प्रेमकथा के रूप में 'पद्मावत' का विवेचन कीजिए । *10*

6. पद्माकर की कविता में वर्णित शृंगार की विशेषताएँ बताइए । *10*

7. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *2×5=10*

(क) रासो का काव्यत्व

(ख) सूर-काव्य में राधा

(ग) तुलसी की विचारधारा

(घ) घनानंद की प्रेमानुभूति